मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल डाक परिमंडल, के पत्र क्रमांक 22/153, दिनांक 10-1-06 द्वारा पूर्व भुगतान योजनान्तर्गत डाक व्यय की पूर्व अदायगी डाक द्वारा भेजे जाने के लिए अनुमत.

पंजी. क्रमांक भोपाल डिवीजन म. प्र.-108-भोपाल-09-11.

मध्यप्रदेश राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 545] भोपाल, बुधवार, दिनांक 6 अक्टूबर 2010—आश्विन 14, शक 1932

सामान्य प्रशासन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

शोक प्रस्ताव

क्रमांक एफ 08-06-2010-1-4 भोपाल, दिनांक 6 अक्टूबर 2010

स्वर्गीय श्रीमती जमुनादेवी के इन्दौर में अस्वस्थता के बाद दिनांक 24 सितम्बर 2010 को निधन से प्रदेश के एक वरिष्ठ राजनेत्री को खो दिया है. श्रीमती जमुनादेवी ने अपने आधी सदी से भी ज्यादा के सार्वजनिक और राजनैतिक जीवन में प्रदेश के विकास में भरपूर योगदान किया. स्वर्गीय श्रीमती जमुनादेवी ने नेता प्रतिपक्ष जैसे दायित्व का निर्वहन करते हुए प्रदेश में संसदीय परंमपराओं को मजबूती और लोकतंत्र में प्रतिपक्ष की भूमिका को सकारात्मक रूप देने का महत्वपूर्ण कार्य किया.

दिनांक 29 नवम्बर, 1929 को धार जिले के सरदारपुर गांव में जन्मी स्वर्गीय श्रीमती जमुनादेवी पांच बार मध्यप्रदेश विधान सभा के लिए निर्वाचित हुईं. सन् 1952 में मध्यभारत विधान सभा के लिए निर्वाचित हुईं थीं. वे लोक सभा एवं राज्य सभा की सदस्य रहीं. उन्होंने प्रदेश में राज्यमंत्री, मंत्री, उप मुख्यमंत्री पद के दायित्वों का सक्षमता से निर्वहन कर आदिम जाति कल्याण, समाज कल्याण और महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में सक्रिय योगदान दिया.

स्वर्गीय श्रीमती जमुनादेवी ने केन्द्रीय आदिवासी कल्याण बोर्ड और समाज कल्याण बोर्ड की सदस्य और हुडको की संचालक के रूप में भी देश तथा प्रदेश की सेवा की.

श्रीमती जमुनादेवी अपने जीवनकाल में आदिवासियों सहित सभी कमजोर वर्गों और महिलाओं की सच्ची हितैषी के रूप में काम करती रहीं.

मंत्रि-परिषद् स्वर्गीय श्रीमती जमुनादेवी को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती है.

अवनि वैश्य, मुख्य सचिव.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2010.